राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक– परीक्षा उपाधि/2019/663 **दिनांकः** 9/12/2019

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं/पाठ्यक्रमों की परीक्षा, 2018 में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी उपाधियों से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** पर दिनांक **10.12.2019 से 12.12.2019** तक प्रकाशित की जा रही है। विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त **समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित किया जाता है कि वें अपने महाविद्यालय का नाम अंग्रेजी व हिन्दी में जॉच लेवे।** साथ ही परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि केवल हिन्दी के नाम में कोई त्रुटि है तो ऑनलाईन सुधार किया जा सकता है।

ऑनलाईन प्रक्रिया संबंधित दिशा निर्देश निम्नानुसार हैः–

1	राजस्थान विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर जायें जहॉ पर Link **unirajdegree.in** पर Click करें।
2	पेज खुलने पर अपना रोल नं. एवं एनरोलमेन्ट नं. डालने पर Submit पर Click करें। इसके पश्चात् आपसे संबंधित डिग्री डाटा खुल जायेगा तथा कम्प्यूटर द्वारा दिये निर्देशों के अनुसार केवल आपके हिन्दी नाम की त्रुटि को सुधार कर सकते हैं।
3	यदि छात्र के नाम के अलावा कोई और संशोधन करना है तो इस PDF Document का प्रिंट ले लेवें।
4	जहॉ अशुद्धि हो उस पर गोला कर सही शब्द लाल स्याही से लिखें।
5	संशोधित Document को स्केन करें और PDF Format में Save करें।
6	Document को ईमेल के माध्यम से दिये हुऐ निम्न EMail Addres पर PDF File पर Attach करते हुऐ फोटो आई.डी. के साथ Submit करें :– **EMail Address-1:** **dyregistrardegree@gmail.com** **EMail Address-2:** **unirajdegree@gmail.com**
7	यदि स्केन की सुविधा ना हो तो राजस्थान विश्वविद्यालय केम्पस में स्थित छात्र सहायता सूचना केन्द्र में निर्धारित बॉक्स में अपनी हार्डकॉपी मय फोटो पहचान पत्र के साथ दिनांक 12.12.2019 सायं 4.00 बजे तक आवश्यक रूप से डाल देवें। इसके पश्चात् किसी भी परिस्थिति में आपत्तियॉ स्वीकार नहीं की जावेंगी।

Signed

कुलसचिव

क्रमांक– परीक्षा उपाधि/2019/663-667 **दिनांकः** 9/12/2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक, इन्फोनेट, राज.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रसारित करवाने का श्रम करें। **साथ ही फर्म द्वारा वर्ष 2018 की उपाधियों का डाटा विश्वविद्यालय की वेबसाईट से लिंक करने का श्रम करें।**
2. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाले दो जिलों (जयपुर व दौसा) के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर) के संस्करण में एक बार प्रकाशित करवाने का श्रम करें।
3. अनुभागाधिकारी, परीक्षा संचालन शाखा (कला, वाणिज्य, विज्ञान/पी.जी./प्रोफेशनल/ नामांकन/ उपाधि), राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, राज.वि.वि., जयपुर।

परीक्षा नियंत्रक